भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या – 1222

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2024

स्वावलंबन पोर्टल

1222. **सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे :**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के विभिन्न उप-जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा स्वावलंबन पोर्टल पर तकनीकी से जुड़ी समस्याओं का समाधान और निपटारा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं क्योंकि इससे नि:शक्तता प्रमाणपत्रों का समय पर जारी किया जाना प्रभावित होता है;

(ख) इनके समाधान की क्या कोई समय-सीमा है;

(ग) यदि हां, तो मंत्रालय की चिकित्सा बोर्डों के कार्य को तथा पदानुक्रम में बिना किसी व्यवधान के कार्मिकों में बदलाव जैसे नए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति को समायोजित करने के लिए पोर्टल के लचीलेपन को किस प्रकार बढ़ाने की योजना है;

(घ) क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कि पोर्टल ऐसे परिवर्तनों के प्रति अद्यतन बना रहे, नियमित अद्यतन करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड) स्वावलंबन पोर्टल पर तकनीकी समस्याओं का प्रबंधन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और अस्पताल कर्मचारियों के लिए क्या तंत्र मौजूद है; और

(च) क्या विशेषज्ञ प्रोफाइल बनाने या अद्यतन करने, मेडिकल बोर्डों को जोड़ने या हटाने, और उनके सामने आने वाली किसी भी अन्य तकनीकी चुनौतियों को हल करने में सीएमओ की सहायता करने के लिए प्रशिक्षण या एक समर्पित सहायता दल का कोई प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री बी.एल.वर्मा)

(क) से (च): दिव्यांगता प्रमाणपत्र/यूडीआईडी कार्ड तैयार करने की प्रक्रिया को दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आसान बनाने के लिए विभिन्न नई सुविधाओं के साथ स्वावलंबन पोर्टल को हाल ही में नया रूप दिया गया है। स्वावलंबन पोर्टल को नया रूप देने के दौरान, महाराष्ट्र सरकार से कुछ तकनीकी समस्याओं की सूचना मिली थी। विभाग द्वारा समय-समय पर इन मुद्दों का समाधान किया गया था। जब कभी समस्याओं की सूचना मिलती है, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। स्वावलंबन पोर्टल पर नए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जोड़ने से संबंधित परिवर्तन किए जा चुके हैं और अब राज्य समाज कल्याण विभागों को नए सीएमओ की नियुक्ति के मामलों में व्यक्तिगत जानकारी में परिवर्तन करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। दिव्यांगजनों और विभिन्न हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर स्वावलंबन पोर्टल को अपडेट भी किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और अस्पताल स्टाफ द्वारा सूचित किसी भी तकनीकी समस्या का समाधान विभाग द्वारा यथाशीघ्र किया जाता है। विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के चिकित्सा प्राधिकारियों/मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के लिए विभाग द्वारा स्वावलंबन पोर्टल पर काम करने और उनके प्रश्नों का उत्तर देने में सहायता करने के लिए कई प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं। राज्य सरकारों के अनुरोध के अनुसार विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र भी पुन: तैयार किए गए स्वावलंबन पोर्टल पर आयोजित किए जाते हैं।

****